प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की बैठक होगी, इसमें उप मुख्यमंत्री मंत्री दीया कुमारी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में सड़क विकास, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन और केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा होने की संभावना है। शाम को मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, पर्यटन सचिव रवि जैन और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

.....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में के0 संजय मूर्ति को नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के पद की शपथ दिलाई। श्री मूर्ति ने गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लिया है जिन्हें अगस्त 2020 में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले, श्री मूर्ति ने शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में काम किया था।

.....................

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने प्रतिरोधी संक्रमणों के लिए पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नैफिथ्रोमाइसिन लॉन्च की। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि नैफिथ्रोमाइसिन का तीन दिन का उपचार, निमोनिया के खिलाफ एक बड़ा परिवर्तनकारी उपाय है।

.....................

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं अगले साल 15 फरवरी से होंगी। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 18 मार्च को और 12वीं कक्षा की 4 अप्रैल को समाप्त होंगी। सीबीएसई ने पहली बार परीक्षाओं से करीब 86 दिन पहले डेटशीट जारी की है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार बताया जा रहा है। सीबीएसई ने कहा कि 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए परीक्षा की तारीखें विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई हैं।

.....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गृह विभाग में उप निरीक्षक–दूरसंचार के कुल 98 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 नवंबर से 27 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

.....................

भीलवाड़ा में जिला प्रशासन की ओर से अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत 11 प्रकरणो में एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस दौरान नदियों से बजरी दोहन के उपयोग में ली जा रही तीन बड़ी मशीन , एक डम्पर और बजरी से भरी 18 ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लगातार जारी रहेगी।

.....................

झालावाड के झालरा पाटन में आयोजित चंद्रभागा कार्तिक पशु मेला सम्पन्न हो गया है। मेले में कुल 1 हजार 800 से अधिक पशु लाए गए। इनमें से 691 पशुओं की खरीद फरोख्त हुई। मेला अधिकारी डॉ टी ए बंसोड़ ने बताया कि मेले से पशुपालन विभाग को 2 करोड़ 83 लाख रूपये से ज्यादा की आय हुई है।

.....................

प्रदेश में सर्दी के असर में लगातार बढोतरी हो रही है। कई स्थानों पर सुबह कोहरा छाने से वाहन चालको को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। आज सबसे कम 6 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में भी पारा कम होकर 12 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस पर आ गया। दिन का तापमान भी 25 से 30 डिग्री के

बीच दर्ज किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में बाडमेर में सबसे अधिक 31 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दिन का तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। आगामी दिनों में पारे में और गिरावट की संभावना है।

.....................